प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

21 फरवरी 2025

# तिमाही बीएसआर-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के पास जमाराशि– दिसंबर 2024

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के पास जमाराशि[1] – दिसंबर 2024[2]' शीर्षक से अपना वेब प्रकाशन, भारतीय अर्थव्यवस्था पर डेटाबेस पोर्टल [3] (https://data.rbi.org.in Homepage > Publications) पर जारी किया।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) {क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को छोड़कर} तिमाही 'आधारभूत सांख्यिकी विवरणियाँ' (बीएसआर) - 2 विवरणी में, जमाराशि के प्रकार (चालू, बचत और मियादी), इसके संस्थागत क्षेत्र-वार स्वामित्व, व्यक्तियों से संबंधित जमाराशियों के आयु-वार वितरण, परिपक्वता पैटर्न, आकार और मीयादी जमाराशियों के ब्याज दर सीमा-वार वितरण के साथ-साथ कर्मचारियों की संख्या पर शाखा-वार आंकड़े प्रस्तुत करते हैं। ये आंकड़े अलग-अलग स्तर (अर्थात जनसंख्या समूह[4], बैंक समूह, राज्य, जिले और केंद्र) पर जारी किए जाते हैं।

**मुख्य बातें**:

- दिसंबर 2024 में कुल जमाराशि में 11.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक तिमाही पहले इसमें 11.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

- दिसंबर 2024 में बचत जमाराशि में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में मियादी जमाराशि में 14.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई; परिणामस्वरूप, कुल जमाराशि में मियादी जमाराशि की हिस्सेदारी एक वर्ष पहले के 60.3 प्रतिशत से बढ़कर 62.1 प्रतिशत हो गई।

- कुल मियादी जमाराशि में सात प्रतिशत या उससे अधिक ब्याज दर वाली जमाओं की हिस्सेदारी दिसंबर 2024 में बढ़कर 70.8 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पहले 61.4 प्रतिशत था।

- मियादी जमाराशि पर रिटर्न में वृद्धि के साथ, अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान जुटाई गई वृद्धिशील मियादी जमाओं का लगभग 79.8 प्रतिशत एक से तीन वर्ष की मूल परिपक्वता अवधि

[1] दिसंबर 2024 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के लिए पाक्षिक फॉर्म-ए विवरणी (आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 42(2) के तहत एकत्रित) के आधार पर बैंक जमाराशि संबंधी समग्र डेटा हमारी वेबसाइट (https://website.rbi.org.in/hi/web/rbi/ होम>सांख्यिकी>जारी आंकड़े> पाक्षिक>भारत में अनुसूचित बैंक की स्थिति का विवरण) पर पहले ही प्रकाशित किया गया है।

[2] बीएसआर-2 के लिए संदर्भ तिथि तिमाही का अंतिम दिन है। इन आंकड़ों में 1 जुलाई 2023 से किसी बैंक के साथ किसी गैर-बैंक के विलय का प्रभाव शामिल है।

[3] सितंबर 2024 के अंत की स्थिति को शामिल करते हुए, तिमाही शृंखला में जारी पिछले आंकड़े, 26 नवंबर 2024 को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए थे।

[4] बीएसआर के लिए उपयोग किया जाने वाला जनसंख्या समूह मानदंड 2011 की जनगणना के अनुसार संबंधित राजस्व केंद्र, जहां एससीबी की शाखाएं संचालित हो रही हैं, की जनसंख्या के आकार पर आधारित है और इन्हें ए) 'ग्रामीण' (10,000 से कम जनसंख्या), बी) 'अर्ध-शहरी' (10,000 से अधिक और 1 लाख से कम जनसंख्या), सी) 'शहरी' (1 लाख से अधिक और 10 लाख से कम जनसंख्या), डी) 'मेट्रोपॉलिटन' (10 लाख और उससे अधिक जनसंख्या) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

में धारित था; बकाया आधार पर, दो तिहाई से अधिक मियादी जमाएं इस परिपक्वता अवधि वाले बकेट में थीं और अन्य 11 प्रतिशत की मूल परिपक्वता अवधि अधिक थी।.

- अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान कुल मियादी जमाराशि में 56.1 प्रतिशत का आकार 'एक करोड़ रुपये और उससे अधिक' का था।

- दिसंबर 2024 में कुल जमाराशि में वरिष्ठ नागरिकों की हिस्सेदारी 20.2 प्रतिशत थी।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2228**